# पाठ – 2 संघवाद

## प्रश्नावली

**Q1. भारत के खाली राजनीतिक नक़्शे पर इन राज्यों की उपस्थिति दर्शाएँ : मणिपुर, सिक्किम, छत्तीसगढ़ और गोवा |**




**उत्तर :**




**Q2. विश्व के खाली राजनीतिक मानचित्र पर भारत के अलावा संघीय शासन वाले तीन देशों की अवस्थिति बताये और उनके नक़्शे को रंग से भरे ।**

**उत्तर :** भारत के अलावा संघीय शासन वाले तीन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम हैं |

**Q3. भारत की संघीय व्यवस्था में बेल्जियम से मिलती - जुलती एक विशेषता और उससे अलग एक विशेषता को बताएँ।**

**उत्तर :** भारत के संविधान में दो स्तर की सरकार का प्रावधान था - केंद्र सरकार और राज्य सरकार | बाद में पंचायतों और नगरपालिकाओं के रूप में तीसरा स्तर भी जोड़ा गया | तीनों स्तर की शासन व्यवस्थाओं के अपने - अपने अधिकार क्षेत्र है | बेल्जियम में भी संघीय शासन व्यवस्था लागू की गयी थी| लेकिन बेल्जियम में समुदाय सरकार का भी प्रावधान है |

**Q4. शासन के संघीय और एकात्मक स्वरूपों में क्या - क्या मुख्य अंतर है? इसे उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करे।**

**उत्तर :** शासन के संघीय और एकात्मक स्वरूपों में निम्नलिखित अंतर हैं –

| संघीय शासन व्यवस्था | एकात्मक शासन व्यवस्था |
|---|---|
| 1. संघीय व्यवस्था में दो स्तर की सरकार होती हैं - केंद्र सरकार और राज्य सरकार। 2. संघीय व्यवस्था में दोनों सरकारों के पास अपने - अपने अधिकार क्षेत्र होते हैं। 3. उदाहरण के लिए, भारत में, सत्ता केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों में विभाजित है। | 1. एकात्मक व्यवस्था में एक ही स्तर की सरकार होती हैं। 2. एकात्मक व्यवस्था में केंद्र सरकार ही सर्वोच्च होती हैं। 3. उदाहरण के लिए, श्रीलंका में, राष्ट्रीय सरकार के पास सभी अधिकार हैं। |

**Q5. 1992 के संविधान संशोधन के पहले और बाद के स्थानीय शासन के दो महत्वपूर्ण अंतरो को बताएँ।**

**उत्तर :** I. 1992 में संवैधानिक संशोधन से पहले ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं को राज्य सरकार के नियंत्रण में रखा गया था। 1992 में संवैधानिक संशोधन के बाद इस तीसरे स्तर को ज्यादा शक्तिशाली बनाया गया। II. 1992 में संवैधानिक संशोधन से पहले स्थानीय सरकारों के लिए नियमित चुनाव भी नहीं कराये जाते थे। 1992 में संवैधानिक संशोधन के बाद स्थानीय सरकारी निकायों के लिए नियमित चुनाव कराना अनिवार्य है।

**Q6. रिक्त स्थानो को भरें: चूँकि अमेरिका ........... तरह का संघ है इसलिए वहाँ सभी इकाइयों को समान अधिकार हैं| संघीय सरकार के मुकाबले प्रांत ............. है। लेकिन भारत की संघीय प्रणाली .......... की है और यहाँ कुछ राज्यों को औरों से ज्यादा शक्तियाँ प्राप्त हैं।**

**उत्तर :** चूँकि अमेरिका साथ आकर संघ बनाने की तरह का संघ है इसलिए वहाँ सभी इकाइयों को समान अधिकार हैं| संघीय सरकार के मुकाबले प्रांत अधिक शक्तिशाली है। लेकिन भारत की संघीय प्रणाली साथ रहने की है और यहाँ कुछ राज्यों को औरों से ज्यादा शक्तियाँ प्राप्त हैं।

**Q7. भारत की भाषा नीति पर नीचे तीन प्रतिक्रियाएँ दी गयी हैं। इनमें से आप जिसे ठीक समझते हैं उसके पक्ष में तर्क और उदाहरण दें।**

**संगीता: प्रमुख भाषाओं को समाहित करने की नीति ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया है।**
**अरमान: भाषा के आधार पर राज्यों के गठन ने हमें बाँट दिया हैं। हम इसी कारण अपनी भाषा के प्रति सचेत हो गए है।**

**हरीश: इस नीति ने अन्य भाषाओं के ऊपर अंग्रेजी के प्रभुत्व को मजबूत करने भर का काम किया है।**

**उत्तर :** संगीता की प्रतिक्रिया अन्य दो की तुलना में बेहतर है। श्रीलंका के विपरीत (जहां बहुमत की भाषा को बढ़ावा दिया गया है), भारतीय राजव्यवस्था ने देश में बोली जाने वाली सभी प्रमुख भाषाओं को समानता का दर्जा दिया है। इसने विभिन्न भाषाओं को बोलने वाले लोगों द्वारा सरकार की गतिविधियों में एक बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की है।

**Q8. संघीय सरकार की एक विशिष्टता है:**
**(क) राष्ट्रीय सरकार अपने कुछ अधिकार प्रांतीय सरकारों को देती है।**
**(ख) अधिकार विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच बँट जाते है।**
**(ग) निर्वाचित पदाधिकारी ही सरकार में सर्वोच्च ताकत का उपयोग करते हैं।**
**(घ) सरकार की शक्ति शासन के विभिन्न स्तरों के बीच बँट जाती है।**

**उत्तर :** (घ) सरकार की शक्ति शासन के विभिन्न स्तरों के बीच बँट जाती है।

**Q9. भारतीय संविधान की विभिन्न सूचियों में दर्ज कुछ विषय यहाँ दिए गए हैं। इन्हें नीचे दी गई तालिका में संघीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची वाले समूहो में लिखे। (क) रक्षा ; (ख) पुलिस ; (ग) कृषि ; (घ) शिक्षा ; (ड़) बैंकिंग ; (च) वन ; (छ) संचार ; (ज) व्यापार ; (झ) विवाह |**

| | |
|---|---|
| संघीय सूची | |
| राज्य सूची | |
| समवर्ती सूची | |

**उत्तर :**

| | |
|---|---|
| संघीय सूची | (क) रक्षा , (ड़) बैंकिंग , (छ) संचार |
| राज्य सूची | (ख) पुलिस , (ग) कृषि , (ज) व्यापार |
| समवर्ती सूची | (घ) शिक्षा , (च) वन , (झ) विवाह \| |

**Q10. नीचे भारत में शासन के विभिन्न स्तरो और उनके कानून बनाने के अधिकार - क्षेत्र के जोड़े दिए गए हैं | इनमें से कौन सा जोड़ा सही मेल वाला नहीं है?**

| | |
|---|---|
| (क) राज्य सरकार | राज्य सूची |
| (ख) केन्द्र सरकार | संघीय सूची |
| (ग) केंद्र और राज्य सरकार | समवर्ती सूची |
| (घ) स्थानीय सरकार | अवशिष्ट अधिकार |

**उत्तर :** (घ) स्थानीय सरकार - अवशिष्ट अधिकार

**Q11. सूची I और सूची II में मेल ढूँढे और नीचे दिए गए कोड के आधार पर सही उत्तर चुनें |**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| 1. भारतीय संघ | (अ) प्रधानमंत्री |
| 2. राज्य | (ब) सरपंच |
| 3. नगरनिगम | (स) राज्यपाल |
| 4. ग्राम पंचायत | (द) मेयर |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (सा) | द | अ | ब | स |
| (रे) | ब | स | द | अ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (गा) | अ | स | द | ब |
| (मा) | स | द | अ | ब |

**उत्तर :** (गा) 1. अ 2. स 3. द 4. ब

**Q12. इन बयानों पर गौर करें।**

**(अ) संघीय व्यवस्था में संघ और प्रांतीय सरकारों के अधिकार स्पष्ट रूप से तय होते है।**

**(ब) भारत एक संघ है क्योंकि केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकार संविधान में स्पष्ट रूप से दर्ज हैं और अपने - अपने विषयों पर उनका स्पष्ट अधिकार है।**

**(स) श्रीलंका में संघीय व्यवस्था है क्योंकि उसे प्रांतों में बाँट दिया गया है।**

**(द) भारत में संघीय व्यवस्था नहीं रही क्योंकि राज्यों के कुछ अधिकार स्थानीय शासन की इकाइयों में बाँट दिए गए हैं | ऊपर दिए गए बयानों में कौन - कौन सही हैं?**

**(सा) अ, ब और स (रे) अ, स और द**

**(गा) अ और ब**

**(मा) ब और स**

**उत्तर :** (गा) अ और ब